बजट घोषणा 2023–24

क्र.सं.	घोषणा संख्या	घोषणा
1.	42.	हमारे द्वारा प्रदेश में खेलों के प्रति रूझान बढ़ाने एवं प्रोत्साहन देने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाये गये हैं। हमने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं को Out of turn policy के तहत अब तक 229 युवाओं को 7 विभागों में नियुक्तियाँ प्रदान की है। भविष्य में पदक विजेता अपने खेल विशेष में युवाओं को भी प्रशिक्षित कर सकें, इसके लिए इन्हें खेल विभाग वरिष्ठता अनुरूप नियुक्ति दिया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, बच्चों एवं युवाओं को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने की दृष्टि से कोच के 100 पद सृजित किये जायेंगे।
2.	43.	मेरे द्वारा बजट में घोषित ग्रामीण ओलम्पिक्स खेलों का सफल आयोजन वर्ष 2022–23 में किया गया। युवाओं द्वारा इन खेलों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया गया। युवाओं के उत्साह एवं इन खेलों के सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए अब हमने शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन का भी निर्णय किया है। इस प्रकार आगामी वर्ष सम्पूर्ण प्रदेश अर्थात शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन और वृहद स्तर पर किया जाना प्रास्तावित है। इस हेतु 150 करोड़ रूपये खर्च होंगे।
3.	44.	प्रदेश में बच्चों एवं युवाओं की रूचि खेल गतिविधियों में प्रारम्भ से ही हो सके, इस दृष्टि से प्रत्येक संभाग में सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोट्र्स स्कूल स्थापित करने की घोषणा करता हूँ ।इन पर 105 करोड़ रूपये की लागत आयेगी।
4.	45.	साथ ही मेजर ध्यानचंद योजना के तहत स्टेडिय निर्माण के लिए 25 लाख रूपये की राशि MLA फण्ड/ CSR से दिए जाने पर 25 लाख रूपये matching grant राज्य सरकार द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। अब मैं इस matching grant की सीमा को बढ़ाकर एक करोड़ रूपये करने की घोषणा करता हूँ।

5.	**46.**	प्रदेश में उच्च स्तरीय खेल सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेल स्टेडियम व खेल अकादमी स्थापित करने के साथ–साथ विभिन्न खेल सुविधायें विकसित की जायेगी। जो इस प्रकार है– 1. खेल स्टेडियम – अरणोद–प्रतापगढ़, कठूमर, थानागाजी, कोटकासिम (किशनगढ़ बास)–अलवर, कुशलगढ़–बांसवाड़ा अटरू–बांरा, देई (हिण्डौली)–बुंदी, नदबई–भरतपुर, सरदारशहर–चूरू, मण्डावर (महुवा)–दौसा, बाडी, सैपऊ, राजाखेड़ा–धौलपुर, जमवारामगढ़–जयपुर, मलसीसर (मंडावा)–झुन्झुनू बिलाड़ा, पीपाड़, बालेसर–जोधपुर, डेगाना, लाडनूं–नागौर, जैतारण, सुमेरपुर–पाली, बाटोदा (बामनवास)–सवाई माधोपुर, दांतारामगढ़–सीकर रानीवाड़ा–जालौर, झोथरीपाल–डूंगरपुर एवं सिवाना–बाड़मेर। II. भरतपुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाया जायेगा। साथ ही, सार्दूल स्पोट्र्स स्कूल, बीकानेर में शूटिंग में तीरंदाजी की सुविधायें विकसित की जायेगी। III. चौगान स्टेडियम, जयपुर का जीर्णोद्वारा किया जायेगा। IV. कोलिडा–सीकर व बांसवाड़ा में फुटबॉल, बीकानेर में साइक्लिंग, भीलवाड़ा में कुश्ती, राजगढ़–चूरू में एथलेटिक्स तथा बाड़मेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी शुरू की जायेगी। V. शेष रहे संभागीय मुख्यालयों–अजमेर, बीकानेर, भरतपुर व जोधपुर में भी सिन्थेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का 40 करोड़ रूपये की लागत से निर्माण किया जायेगा। VI. धौलपुर, जालौर व नागौर में Multipurpose Indoor Halls बनाये जायेंगे। VII. स्टेट स्पोट्र्स इंस्टीट्यूट, जोधपुर, में all weather swimming pool बनाया जायेगा।